अक्टूबर नहीं, नवंबर से बिजली देगी फ्रेंचाइजी

भागलपुर | वरिष्ठ संवाददाता

19 जुलाई को हुए समझौते के बाद 19 सितंबर तक भागलपुर इलेक्ट्रिसिटी डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी प्राइवेट लिमिट (बीईडीसीपीएल) को बिजली वितरण का काम संभालने कहा गया था। इसके बाद पटना में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड (एसबीपीडीसीएल) के साथ बैठक हुई तो एक अक्टूबर की तारीख तय कर दी गई। अब यह तारीख सीधे एक महीने बढ़ गई है। सरकारी (एसबीपीडीसीएल) व प्राइवेट (बीईडीसीपीएल) कंपनी का संयुक्त काम धीमा रहने के कारण अब एक नवंबर से फ्रेंचाइजी कंपनी बिजली वितरण करेगी।

प्रमंडलीय आयुक्त मिन्हाज आलम, जिलाधिकारी प्रेम सिंह मीणा समेत प्रशासन व एसबीपीडीसीएल के अभियंताओं के बीच डीआरडीए सभागार में बीईडीसीपीएल के निदेशक अमानुल्लाह ने अपनी कार्ययोजना का कंप्यूटरीकृत प्रस्तुतिकरण दिया। पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन के दौरान बताया गया कि सरकारी और निजी कंपनी के संयुक्त काम बाकी रह गए हैं। इसमें बाउंड्री मीटर व इनपुट-आउटपुट मीटर की स्थापना के अलावा बिल संबंधी दस्तावेजों का काम मुख्य रूप से बाकी रह गया है। बीईडीसीपीएल छह महीने से बिजली संबंधित समस्याओं का अध्ययन कर रही है और काम संभालने के मद्देनजर अब पूरा ध्यान नियुक्ति प्रक्रिया पर है। अगले 15 दिनों में कंपनी विभिन्न पदों के लिए 180 लोगों की नियुक्ति प्रक्रिया पूरी करेगी। अब तक 40 लाइनमैन को प्रशिक्षण देकर नियुक्त किया जा चुका है। कंपनी विद्युत वितरण व बिलिंग कार्य के लिए आधारभूत संचरना का विकास करते हुए कर्मियों को जिम्मेदारी सौंप रही है। बिल संबंधित समस्याओं के मद्देनजर ही नाथनगर-चंपानगर में बुनकरों के साथ बैठक भी की गई। पावरलूम को 24 घंटे बिजली देने पर जेनरेटर का करीब तीन हजार रुपए का खर्च किस तरह बचेगा, इसकी जानकारी भी प्रेजेंटेशन में दी गई।

बैठक में बताया गया कि कंपनी बड़े शहरों की तर्ज पर मुहल्ले में मीटर कॉम्प्लेक्स बनाकर वहीं सभी घरों के मीटर स्थापित करेगी। मीटर से छेड़छाड़ पर पूर्ण रोक लगाने के साथ ही कंपनी सहजता से सही रीडिंग लेने पर बल देगी। उपभोक्ताओं की समस्या के निदान के लिए तिलका मांझी में कॉल सेंटर रहेगा। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता आदि के अलावा बीईडीसीपीएल की जनसंपर्क अधिकारी रानी चौबे भी उपस्थित रहीं।